## एक नजर में

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत गरोठ पुलिस को सफलता, अपहृत नाबालिग बालिका बरामद

**गरोठ/मंदसौर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर चलाए जा रहे 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत गरोठ पुलिस ने अपहृत नाबालिग बालिका को दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता कुरील व एसडीओपी विजय कुमार यादव के मार्गदर्शन में थाना गरोठ पुलिस ने यह कार्रवाई की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्ष 2025 में बंजारी निवासी फरियादी की नाबालिग पुत्री के लापता होने पर थाना गरोठ में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। विवेचना के दौरान तकनीकी साक्ष्यों एवं मोबाइल लोकेशन के आधार पर बालिका के उड़ीसा में होने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस टीम को उड़ीसा भेजा गया, जहां मलखानगिरी क्षेत्र से बालिका को सुरक्षित दस्तयाब कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। प्रकरण में बालिका एवं परिजनों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई जारी है। इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी बलवीर सिंह यादव सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

### मंदसौर पुलिस की बड़ी कार्रवाई : 22 करोड़ से अधिक की अवैध संपत्ति की फ्रीज

**मंदसौर।** मंदसौर पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए उनके एवं परिजनों की अवैध रूप से अर्जित संपत्ति पर सख्ती बरती है। सक्षम अधिकारी, सफेमा न्यायालय मुंबई द्वारा जिले के चार प्रकरणों में कुल 22 करोड़ 8 लाख 4 हजार रुपये की चल-अचल संपत्ति को फ्रीज करने के आदेश जारी किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना के निर्देशन में वर्ष 2026 में चिन्हित मामलों में आरोपियों व उनके परिजनों की संपत्तियों का वित्तीय अनुसंधान किया गया। जांच में अवैध संपत्ति पाए जाने पर प्रकरण सफेमा न्यायालय मुंबई में प्रस्तुत किए गए, जहां सुनवाई के बाद फ्रीजिंग आदेश की पुष्टि की गई। कार्रवाई के तहत थाना भावगढ़, गरोठ और पिपलियामंडी के चार मामलों में चार आरोपियों की करोड़ों की संपत्तियां शामिल हैं। इसमें रामविलास पाटीदार, लक्ष्मीनारायण कुमावत, कुशाल सिंह सौंधिया और उमराव सिंह चौहान के प्रकरण प्रमुख हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि मादक पदार्थ तस्करी में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ आगे भी इसी तरह कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

### मंदसौर में 30 अप्रैल को जिला स्तरीय रोजगार मेला, युवाओं के लिए विभिन्न कंपनियों में नौकरी के अवसर

**मन्दसौर।** जिला प्रशासन और जिला रोजगार कार्यालय मंदसौर के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 30 अप्रैल 2026 को शासकीय आईटीआई परिसर मंदसौर में एक वृहद जिला स्तरीय युवा संगम एवं रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है. कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग के निर्देशन में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के बेरोजगार युवाओं को विभिन्न रोजगार एवं कौशल विकास के अवसरों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है. यह मेला प्रात: 10 से दोप. 2 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें तकनीकी और गैर-तकनीकी क्षेत्रों की कई प्रतिष्ठित कंपनियां हिस्सा लेंगी। इस रोजगार मेले में विभिन्न राज्यों और स्थानीय क्षेत्रों की कुल 10 कंपनियां अपनी रिक्तियों के साथ उपस्थित रहेंगी, जिनके माध्यम से लगभग 500 से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी। प्रमुख नियोक्ताओं में केस स्किल्स डेवलपमेंट सेंटर, गेल इंस्टीट्यूशन ऑफ स्किल, मदरसन कंपनी, ग्लोबल मैनपावर, एसआईएस लिमिटेड और राजस्थान टेक्सटाइल मिल्स जैसी संस्थाएं शामिल हैं, जो मशीन ऑपरेटर, वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन, सुरक्षा गार्ड और प्रोडक्शन जैसे पदों के लिए चयन करेंगी। इसके अतिरिक्त स्थानीय स्तर पर टाटा डीलरशिप, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस और एलआईसी जैसी कंपनियां भी सुपरवाइजर, असिस्टेंट ऑपरेटर और इंश्योरेंस एजेंट जैसे पदों पर युवाओं को अवसर प्रदान करेंगी। विभिन्न पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 5वीं उत्तीर्ण से लेकर 10वीं, 12वीं, आईटीआई और स्नातक निर्धारित की गई है. कार्यक्षेत्र के अनुसार चयनित युवाओं को मंदसौर, नीमच, इंदौर, देवास, अहमदाबाद और गांधीधाम सहित देश के विभिन्न हिस्सों में नियुक्ति दी जाएगी।

## सनातन धर्म के जनक है आदिगुरु शंकराचार्य : महेशानंद महाराज

**मंदसौर/नाहरगढ़। मात्र 5 वर्ष की आयु में संन्यास लेने वाले आदिगुरु शंकराचार्य जी ने देश में चार मठ की स्थापना की है। उक्त विचार मुख्यवक्ता महेशानंदजी महाराज मेनपुरिया ने आदि गुरु शंकराचार्य जी की व्यख्यान माला को सम्बोधित करते हुए कही।**



सोमवार को उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर में मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद द्वारा आयोजित व्याख्यान माला में श्री महेशानंदजी ने कहा की आदी गुरु शंकराचार्य जी ने अद्वेत दर्शन में कहा है की जगत में जिसे ढूढ़ रहे है वह वहा नहीं है। ईश्वर कही खोया नहीं है, जिसे हम ढूढ़ रहे है और हम उन्हें पाने के लिए इधर उधर भटक रहे है। आदि गुरु शंकराचार्य जी ने मां के आशीर्वाद से संन्यास लिया है। साथ ही अंतिम समय में मां के साथ रहे हैं। उन्होंने सनातन धर्म के प्रति अलख जगाते हुए चार मठों की स्थापना की है।

इस अवसर पर भागवताचार्य पंडित प्रियांश पुरोहित ने कहा की ने आदि गुरु शंकराचार्यजी ने अल्प आयु में ही पैदल भ्रमण करते-करते देश के चार कोनो में सस्कृति को जीवित रखते हुए चार मठ बनाये।

प्राचार्य उत्कर्ष विद्यालय मंदसौर के रविंद्र कुमार दवे ने कहा कि आदी गुरु शंकराचार्यजी ने अपनी संस्कृति को जीवित रखने के लिए उत्तर के मठ में दक्षिण के पुजारी को बिठाया। देश को संस्कृती के बारे में एक संदेश दिया।

सीएसपी जितेंद्रसिंह भास्कर ने कहा कि हम जिस समाज में रहते हैं उस सनातन धर्म की स्थापना ही आदिगुरु शंकराचार्य जी ने की थी। हम सभी अपने कर्तव्य का अच्छे से पालन करें। कार्यक्रम का उद्देश्य एवं अतिथि स्वागत उद्बोधन जिला समन्वयक तृप्ती वैरागी द्वारा दिया गया। इस अवसर पर मंच पर वीनू जी महाराज हरियाणा, सामाजिक कार्यकर्ता विनय दुबेला उपस्थित थे। संचालन विकासखंड समन्वयक मंदसौर अर्चना भट्ट ने किया। अंत में आभार विकासखण्ड समन्वयक विनोद गोड़ ने माना। इस अवसर पर मुकेश सोलंकी, अर्चना रामावत नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता, विद्यार्थी एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित थे।

## धन को नहीं, धर्म को अधिक महत्व दो, संसार में मत उलझो परमात्मा में ध्यान लगाओ : उपाध्याय डॉ. गौतम मुनिजी

**मंदसौर।** यह संसार स्वार्थ से भरा हुआ है यहां जब तक व्यक्ति से मतलब है तभी तक उसको महत्व मिलता है। मतलब निकलने के बाद कोई किसी का नहीं है। आत्मा जब शरीर का साथ छोड़ देती है रिश्तेदार उसी शरीर से सारे आभूषण उतार लेते हैं। इसीलिये जीवन में कभी रिश्तों में मत उलझो, जीवन में धन कमाने के पीछे मत भागो, धन को महत्व देने की बजाय धर्म को महत्व दो। मृत्यु आने पर कोई साथ जाने वाला नहीं है। इसीलिये संसार में मत उलझो, परमात्मा में ध्यान लगाओ तथा प्रतिदिन सामायिक, प्रतिक्रमण करो, जीवन में तप तपस्या करो, रात्रि भोजन छोड़ो इसी से अगला भव सुधरेगा।

उक्त उद्गार प.पू. जैन संत उपाध्याय डॉ. गौतम मुनिजी म.सा. ने नई आबादी स्थित महावीर भवन में आयोजित धर्मसभा में कहे। आपने सोमवार को मंदसौर नगर में मंगल प्रवेश के उपरांत यहां आयोजित धर्मसभा में कहा कि हम लोग जो पापकर्म करते हैं वह अपने कारण कम घर परिवार, रिश्ते नातों के कारण ज्यादा करते हैं। पुत्र पुत्री के जीवन व्यापन के लिये धन कमाने के लिये हम पापकर्म भी करने से नहीं हिचकते। मनुष्य को इस पर चिन्तन करना चाहिये क्योंकि पापकर्म का फल पाप करने वाले को ही भुगतना है। घर परिवार वाले धन संपत्ति के उत्तराधिकारी बनना चाहते हैं लेकिन पापकर्म के नहीं इसलिये पापकर्म करने से बचो। आपने कहा कि कर्म बंधन से कोई भी नहीं छूटा है, यहां तक कि प्रभु महावीर को भी पूर्व भव में किये पाप के कारण 6 माह तक अपने शरीर में भयंकर वेदना सहन करनी पड़ी थी।

इसलिये पाप मत करो यदि हो जाये तो उसका प्रायश्चित या आलोचना जरूर करो। हम हंसते हुए जो कर्म बांधते हैं उनका फल रोते हुए भोगना पड़ता है। आपने कहा कि जो भी श्रावक श्राविकाएं नरक गति, तिर्यंच गति से बचना चाहते हैं उन्हें प्रतिदिन सामायिक जरूर करनी चाहिये। प्रभु महावीर ने उत्तराध्ययन सूत्र में कहा है कि यह संसार असार है। यह मुसाफिर खाना अर्थात् धर्मशाला के समान है जिस प्रकार धर्मशाला को छोड़ना ही पड़ता है उसी प्रकार मनुष्य रूपी यह शरीर भी हमें छोड़ना पड़ेगा।

## पार्श्वनाथ जिनालय आदिनाथ विहार ट्रस्ट के द्विवार्षिक चुनाव

**मन्दसौर। श्री दिगम्बर जैन पार्श्वनाथ जिनालय आदिनाथ विहार ट्रस्ट कमेटी के द्विवार्षिक चुनाव अध्यक्ष भरतकुमार कोठारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए।**

ट्रस्ट प्रवक्ता डॉ. चंदा कोठारी ने बताया कि जिनालय ट्रस्ट की साधारण सभा में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर सुमतिलाल जैन, सचिव अरुण कुमार हरसोला व कोषाध्यक्ष पद पर शांतिलाल जैन कुलथाना वाला का मनोनयन किया गया।

वर्ष 2026-28 की इस कार्यकारिणी में संरक्षक धरमचंद बडजात्या, नरेन्द्र पोरवाल, गुलाबचंद जैन, श्रीमती मंगला जैन, भरत कुमार कोठारी व सतीश दोषी को मनोनीत किया गया। संयोजक जितेन्द्र कुमार दोषी, कोमल प्रकाश जैन व मनोज कुमार जैन बनीवाला बनाए गए।

परामर्शदाता प्रकाशचन्द्र पहाड़िया, पन्नालाल नान्दवेल, अजित कुमार दोशी, शांतिलाल जैन (पूर्व तहसीलदार), विरेन्द्र कुमार जैन, श्रीमती राजकुमारी जैन, उपाध्यक्ष महावीर कोटड़िया डॉ. अशोक अग्रवाल, प्रदीप जैन नन्दावता, अमित कुमार (तारा जेनेरिक्स), मनीष जैन (उदेपुरिया), पाठशाला संयोजक श्रीमती सारिका दोशी, श्रीमती राजेश्वरी दोशी, श्रीमती साधना बड़जात्या, सह सचिव श्रीमती सुशील कियावत, श्रीमती कविता मिण्डा, सह कोषाध्यक्ष रमेश जैन (सिहोर), दिलीप जैन (मेचिंग), प्रवक्ता महावीर अग्रवाल डॉ. चन्दा कोठारी, सुश्री रक्षा टोंग्या बनाये गये। संचालक मण्डल में अभिनन्दन भाचावत, कांतिलाल दोशी, सनत गांधी, दिलीप जैन (आर.आर.बी.), महावीर पाटनी, संजय जैन (सिहोर) दिलीप जैन (चंचल), श्रीमती संगीता जैन एवं समस्त पार्श्व महिला मण्डल पदाधिकारी का मनोनयन किया गया।

**एक नजर** — महावीर इंटरनेशनल का शपथ ग्रहण समारोह

## 52 परिवारों ने स्वगणना पत्र भरकर दिया जागरूकता का संदेश

**मंदसौर। महावीर इंटरनेशनल मंदसौर केंद्र का सत्र 2026-27 के नवीन पदाधिकारियों एवं संचालक मंडल का भव्य शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। इस दौरान महावीर इंटरनेशनल मंदसौर के 52 परिवारों ने पद ग्रहण समारोह में स्व-गणना पत्र भरकर जागरूकता का सन्देश दिया।**




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर विशेष अतिथि के रूप में सकल जैन समाज अध्यक्ष लोकेंद्र जैन, ग्रुप संरक्षक विजेंद्र सेठी ने अपनी उपस्थिति से अनुग्रहित किया। साथ ही गवर्निंग काउंसिल मेंबर वीर राकेश जैन, रीजनल सेक्रेटरी अपेक्स वीर सीए आयुष जैन, जॉन ट्रेजरार वीर संजय चौधरी, जॉन कोर्डिनेटर वीर गुणवान सिंह कोठारी, वरिष्ठ अध्यक्ष निर्मल सुराणा, निवृत्तमान अध्यक्ष वीर भागचंद खंडेलवाल एवं निवृत्तमान सचिव भावेश बक्षी ने भी मंच की गरिमा बढ़ाई।

समारोह की शुरुआत भगवान महावीर तथा गणेश की वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुई। इसके पश्चात निवृत्तमान अध्यक्ष वीर भागचंद खंडेलवाल ने पिछले सत्र में आयोजित समस्त गतिविधियों से सदन को अवगत कराया।

इसके उपरांत शपथ अधिकारी गवर्निंग काउंसिल मेंबर राकेश जैन द्वारा नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। नवगठित टीम में अध्यक्ष पद पर वीर अरविंद कुदार, उपाध्यक्ष पद पर वीर अनिल बाफना एवं वीर यश चौधरी, सचिव पद पर वीर ऋषभ फाफरिया, कोषाध्यक्ष पद पर वीर दिनेश जैन, सहकोषाध्यक्ष पद पर वीर अशोक ओस्तवाल, सहसचिव पर वीर योगेश भट्ट, प्रवक्ता पद पर वीर नवीन छिंगावत एवं मीडिया प्रभारी पद पर पवन सोनी ने कार्यभार ग्रहण किया।

# नीमच


## एक नजर में

### जलनेति क्रिया के साथ विकास नगर में 8 दिवसीय निशुल्क योग शिविर का समापन



**नीमच।** विकास नगर 14/2 स्थित विकासेश्वर मंदिर परिसर में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट एवं पतंजलि योग समिति द्वारा 8 दिवसीय निशुल्क योग शिविर का समापन 26 अप्रेल 2026 को किया गया। उक्त योग शिविर में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के योग शिक्षक एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट नीमच जिला प्रभारी पुखराज साहू द्वारा मोटापा, शुगर, कोलेस्ट्रॉल, घुटने का दर्द, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, हाई बीपी, अनिद्रा, हृदय रोग, माइग्रेन, थायराइड आदि रोगों के निवारण हेतु पवन मुक्तासन, सेतुबंधासन, सर्वांगासन, अनुलोम विलोम, कपाल भांति, सूर्य नमस्कार, योग मुद्रासन, भुजंगासन एवं इंटीग्रेटेड योग अभ्यास कराया गया। *योग शिविर में 7 साल की सुनिधि साहू द्वारा किए कठिन आसन एवं जलनेति क्रिया आकर्षण के केंद्र रहे* योग शिविर में लगभग 80 लोगों में योग का प्रशिक्षण लिया। योग शिविर का संयोजन श्रीमति मंजू छाबड़ा, राजेश जी जायसवाल एवं अजय कुमार जी ओझा द्वारा किया गया। योग शिविर में निशा नारंग, अनिता पोरवाल, मंजू जैन, मीना जायसवाल, सुनीता जैन, सुनिधि साहू, रुबीना आदि ने योग के गुर सिखे।

### एसीएस अनुपम राजन ने वीसी के माध्यम से की नीट परीक्षाओं की तैयारियों की समीक्षा



**नीमच।** म.प्र.के उच्च शिक्षा, उद्यानिकी, संसदीय कार्य, जनसंपर्क विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुपम राजन ने सोमवार को मंत्रालय भोपाल से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से सभी जिलो में आगामी दिनों में आयोजित होने वाली ''नीट'' की परीक्षा की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री राजन ने वी.सी. में निर्देश दिए, कि नीट के सभी परीक्षा केंद्रों का परीक्षा पूर्व निरीक्षण कर, सुव्यवस्थित, सुचारू परीक्षा आयोजन की सभी आवश्यक तैयारियां और प्रबंध सुनिश्चित कर लिए जाए। परीक्षा केंद्रों पर गर्मी को ध्यान में रखते हुए आपात चिकित्सीय व्यवस्था की न्यूनतम रिस्पोंस समय में उपलब्धता सुनिश्चित करें। सभी परीक्षा केंद्रों पर शीतल पेयजल, प्रकाश, पंखे व ओ.आर.एस.की व्यवस्था हो। परीक्षा केंद्र पर महिला अभ्यर्थियों की तलाशी, महिला अधिकारी, कर्मचारी द्वारा गरिमा एवं सम्मान के साथ ही की जाए। सभी परीक्षा केंद्रों पर पावर बैकअप की भी पुख्ता व्यवस्था की जाए। सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के मोबाईल, बेग्स व अन्य सामग्री रखने की अलग से व्यवस्था की जाए। केंद्र पर पार्किंग व परिजनों के लिए छाया की व्यवस्था भी की जाए। सभी केंद्रों पर सीसीटीव्ही निगरानी, वीडियोग्राफी, फ्रिक्सिंग, पावर बैकअप, व अन्य आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाए। नीमच के एनआईसी केंद्र में जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, एडीएम श्री बी.एस.कलेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री एनएस सिसोदिया, सभी परीक्षा केंद्रों के प्रभारी अधिकारी उपस्थित थे।

## पोक्सो एक्ट 2012 पर एक दिवसीय स्टेकहोल्डर कार्यशाला

**नीमच। महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध बढ़ती घटनाओं की रोकथाम एवं जागरूकता के उद्देश्य से जन साहस संस्था द्वारा पुलिस विभाग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से पोक्सो एक्ट 2012 एवं लैंगिक हिंसा की रोकथाम विषय पर एक दिवसीय स्टेकहोल्डर कार्यशाला का आयोजन एडीआर सेंटर भवन नीमच में किया गया।**




कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात संस्था द्वारा अतिथियों का पौध भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यशाला में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाओं एवं बच्चों से जुड़े मामलों में सभी संबंधित विभागों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री प्रवीण कुमार ने संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए आश्वस्त किया कि महिलाओं एवं बच्चों के उत्थान हेतु हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। मनासा के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बी.एल. जावरिया एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के ग्रामीण परियोजना अधिकारी इरफान अंसारी ने भी कार्यशाला की सराहना करते हुए ऐसे कार्यक्रमों के नियमित आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया।

जन साहस संस्था की लीगल टीम से पूर्णिमा द्वारा पोक्सो एक्ट 2012 पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने अधिनियम के प्रावधानों, वर्ष 2019 एवं 2020 के संशोधनों, विभिन्न धाराओं तथा आजीवन कारावास एवं मृत्युदंड जैसे दंड प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही विभिन्न विभागों—जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पुलिस, महिला एवं बाल विकास, किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति, स्वास्थ्य विभाग आदि की भूमिकाओं को स्पष्ट किया।

कार्यशाला के दौरान उपस्थित अधिकारियों द्वारा विभिन्न प्रश्न पूछे गए, जिनका संतोषजनक समाधान किया गया। संस्था के क्लस्टर समन्वयक कुलदीप ने महिलाओं एवं बच्चों के पुनर्वास संबंधी कार्यों की जानकारी साझा की। कार्यक्रम का संचालन समन्वयक जितेंद्र द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन जिला समन्वयक गजानंद ने व्यक्त किया।

कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति, वन स्टॉप सेंटर (सखी), विभिन्न थानों के बाल कल्याण अधिकारी एवं ऊर्जा डेस्क प्रभारी सहित जन साहस संस्था के पूर्णिमा, कुलदीप, गजानंद, जितेंद्र, विकास, सविता, अंकित, मोहनलाल, मंतशा, नीलम, कोमल, हिना, पायल एवं अन्य टीम सदस्य उपस्थित रहे।



## नीमच में दो महान संतों का संगम

▸ **श्रमण संघ युवाचार्य महेन्द्रऋषि जी एवं खरतरगच्छाधिपति आचार्य जिनमणिप्रभसुरि जी का हुआ मिलन**

**नीमच। जैन दिवाकर श्री चौथमलजी म.सा. की जन्मभूमि एवं मालवा की पावन धरा नीमच में रविवार, 26 अप्रैल को जैन समाज के दो महान संतों के मिलन का एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक दृश्य देखने को मिला।**

श्रमण संघ के गौरव और ओजस्वी वक्ता युवाचार्य श्री महेन्द्रऋषि जी म.सा. तथा खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभसुरिजी म.सा. का मंगल मिलन बघाना के शक्ति नगर स्थित नवनिर्मित जिनालय में हुआ।

इस दिव्य मिलन के दौरान दोनों महान संतों ने अत्यंत आत्मीयता के साथ एक-दूसरे की कुशलक्षेम जानी। इस अवसर पर उनके बीच गहरी धार्मिक चर्चाएं हुईं, जिससे उपस्थित श्रावक-श्राविकाएं भावविभोर हो उठे। संतों के इस मिलन को समाज में एकता और वात्सल्य के प्रतीक के रूप में देखा जा रहा है।


युवाचार्य श्री महेन्द्रऋषि जी म.सा. ने इस पावन अवसर पर जिनालय परिसर में उवसग्गहर स्त्रोत का सामूहिक जाप करवाया। इसके पश्चात उन्होंने मंगलपाठ के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को आशीर्वाद प्रदान किया। जाप की ध्वनियों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

**एक नजर** — कलेक्टर के निर्देश पर शीतल जल, छाया, कुर्सी सहित तोल कांटे और भंडारण की रहे उचित व्यवस्था

## गेहूं की सरकारी खरीदी के लिए सभी केंद्रों पर किसानों के लिए हों पुख्ता इंतजाम

**नीमच। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार नीमच जिले के सभी समर्थन मूल्य गेहूं उपार्जन केंद्रों पर किसानों की सुविधा हेतु समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं।**

सभी उपार्जन केंद्रों पर शीतल पेयजल की व्यवस्था। टेंट लगाकर छाया की व्यवस्था। बैठने के लिए पर्याप्त कुर्सियां उपलब्ध कराई गई।



### उपार्जन केंद्रों पर सुनिश्चित की गई व्यवस्थाएं

**किसान सुविधाएं:**-शीतल पेयजल, टेंट व छाया की व्यवस्था, बैठने हेतु कुर्सियां, प्रवेश पर बड़ा टेंट।

**उपार्जन संबंधी व्यवस्थाएं**- इलेक्ट्रॉनिक तोल कांटे/वेइंग मशीन, पर्याप्त मात्रा में बारदाना, हम्मालों की उपलब्धता, उपार्जित उपज का उचित भंडारण।

**कलेक्टर के निर्देश:**- कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने सभी उपार्जन केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों को उपज विक्रय में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उपार्जन कार्य पारदर्शिता एवं सुचारू रूप से संपन्न कराया जाए। केंद्र पर साफ-सफाई, पेयजल एवं छाया की व्यवस्था सतत बनी रहे। जिले के राजस्व अधिकारी, जिला आपूर्ति अधिकारी एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों द्वारा उपार्जन केंद्रों का सतत निरीक्षण , भ्रमण कर आवश्यक प्रबंधन सुनिश्चित किए जा रहे है।